महत्वपूर्ण एवं खास

हाथियों का बढ़ा आतंक, हाथी ने एक और किसान को उतारा मौत के घाट, शरीर के हुए टुकड़े-टुकड़े

जशपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल में हाथियों का उत्पात जारी है. हाथियों के आतंक से ग्रामीणों दहशत में हैं. बगीचा वनपरिक्षेत्र में आज एक और किसान को हाथी ने मौत के घाट में उतार दिया है. किसान की लाश टुकड़ो में मिली है. वहीं घटनास्थल पर अभी भी हाथी मौजूद है, जिसकी वजह से मृत किसान के शव को नहीं निकाला जा सका है.घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार, बगीचा वनपरिक्षेत्र के खंताडांड़ में किसान खेत से काम कर घर लौट रहा था तभी हाथी ने उसपर हमला कर दिया. हाथी ने उसके शव के टुकड़े कर दिए. मृतक का नाम अब्राहम तिर्की उम्र 50 वर्ष बताया जा रहा है. बीते एक सप्ताह में बगीचा वनपरिक्षेत्र में हाथी के हमले में यह दूसरी मौत है. घटना स्थल पर अभी भी हाथी मौजूद हैं. जिसकी वजह से किसान के शव को नहीं निकाला जा सका है.

17,18,19,22 और 23 को प्लेसमेंट कैंप तथा स्वरोजगार मेले का होगा आयोजन

रायपुर (आरएनएस)। जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के अध्यक्षता में डिस्ट्रीक्ट प्लेसमेंट सेल का गठन किया है। इस सेल के माध्यम से अगस्त महीने मे प्लेसमेंट कैंप और लोन मेले का आयोजन किया जाएगा। यह क्रमश: इस प्रकार है, आइटीआई सड्डू में 17 अगस्त को हॉस्पिटेलिटी (होटल एवं रेस्टोरेन्ट), शासकीय पॉलिटेक्निक बैरन बाजार में 18 अगस्त को हेल्थ केयर सेक्टर के लिए , आडवानी आर्लिकॉन स्कूल बीरगांव में 19 अगस्त को उद्योगो में तकनीकी पद, लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में 22 अगस्त को फायनेंस, बीमा, सिक्योरिटी एवं अन्य पद गैर तकनीकी पद और लाईवलीहुड कॉलेज जोरा में 23 अगस्त को स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

कैबिनेट से मुहर के 3 घंटे के भीतर आदेश जारी

रायपुर (आरएनएस)। भूपेश कैबिनेट में हरी झंडी मिलने के तीन घंटे के भीतर राज्य सरकार ने शैक्षणिक संस्थाओं में दाखिले में 58 प्रतिशत आरक्षण का आदेश जारी कर दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज यहां उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया... मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अन्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा राज्य शासन की ओर से दायर एसएलपी में पारित अंतरिम आदेश दिनांक एक मई 2023 के अंतर्गत राज्य में पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अनुसार नियुक्ति / चयन प्रक्रियाओं को जारी रखने हेतु अंतरिम राहत प्रदान की गई है। इस अंतरिम आदेश के अनुरूप ही, अंतरिम तौर पर, मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य की शैक्षणिक संस्थाओं में भी प्रवेश प्रक्रिया पूर्व प्रचलित आरक्षण व्यवस्था अंतर्गत करने का निर्णय लिया गया है।

15 को बंद रहेगा पशुवध

भिलाई (आरएनएस)। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मंगलवार को नगर पालिक निगम भिलाई के सीमा क्षेत्र अंतर्गत संचालित पशुवध गृह बंद रखे जायेगें। छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र के अनुपालन में स्वास्थ्य अधिकारी ने आदेश जारी कर भिलाई निगम के सभी मांस बिक्री केन्द्र, पशुवध गृह, जीव हत्या को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 को बंद रखने को कहा है।

कलेक्टर ने फसल बीमा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना : खरीफ और उद्यानिकी फसल बीमा का लाभ ले सकते है किसान

❒ प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2023 में फसलों की बीमा की अंतिम तिथि 16 अगस्त

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ 2023 के प्रचार-प्रसार के लिए फसल बीमा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर सिन्हा ने फसल बीमा रथ को रवाना करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि खरीफ और उद्यानिकी फसल बीमा का लाभ लेने हेतु किसानों को प्रोत्साहित करें। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि बीमा रथ जिले के समस्त ग्रामों में भ्रमण कर प्रचार-प्रसार करेगी। साथ ही समिति/बैंक/धान उर्पाजन केन्द्रों/बाजार हाट स्थल पर जाकर योजना संबंधी पाम्पलेट एवं लाउड स्पीकर के माध्यम से कृषकों को फसल बीमा से संबंधी जानकारी देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2023 में फसलों की बीमा की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 16 अगस्त 2023 तक निर्धारित की गई है।

उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के लिए खरीफ मौसम में धान सिंचित व असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूँगफली, तुअर (अरहर), मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मड़वा) फसल को अधिसूचित किया गया है। धान सिंचित के लिए 47000 रूपये व धान असिंचित के लिए 36000 रू, मक्का के लिए 32000 रू, सोयाबीन के लिए 29000 रूपये, मूँगफली के लिए 43200 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 31000 रूपये, मूँग के लिए 24000 रूपये, उड़द के लिए 22000 रूपये, कोदो के लिए 15000 रूपये, कुटकी के लिए 16000 रूपये, रागी (मडवा) के लिए 11000 रूपये प्रति हेक्टेयर बीमि त राशि है तथा कृषकों के लिए प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत है। धान सिंचित के लिए 940 रूपये, धान असिंचित के लिए 720 रूपये, मक्का के लिए 640 रूपये, सोयाबीन के लिए 580 रूपये, मूँगफली के लिए 864 रूपये, तुअर (अरहर) के लिए 620 रूपये, मूँग के लिए 480 रूपये, उड़द के लिए 440 रूपये, कोदो के लिए 300 रूपये, कुटकी के लिए 320 रूपये, और रागी (मड़वा) के लिए 220 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन फसल के लिए ग्राम को ईकाई क्षेत्र एवं मूँगफली, तुअर (अरहर),मूँग, उड़द, कोदो, कुटकी, रागी (मडवा) फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मंडल को ईकाई क्षेत्र माना गया है।

सहायक संचालक उद्यानिकी डॉ.कमलेश दीवान ने बताया कि उद्यानिकी फसल बीमा हेतु प्रति हेक्टेयर टमाटर के लिए 6 हजार, बैगन के लिए 3850, अमरूद के लिए 2250, केला 4250, पपीता 4350, मिर्च 3400, अदरक 7500 रुपये प्रीमियम के रूप में किसानों के द्वारा देय होगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ऋणी, अऋणी, भूधारक कृषक, बटाईदार व वन पट्टाधारी कृषक ले सकते हैं। इस वर्ष जिला रायगढ़ में फसल बीमा के लिए कृषि बीमा कंपनी लिमिटेड को शासन द्वारा अनुबंध किया गया है।

जिले के सभी कृषक फसल बीमा लाभ लेने एवं अधिक से अधिक संख्या में ऋणी कृषक अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे नवीनतम आधार कार्ड की कापी, भूमि प्रमाण-पत्र (बी-2, पी-2)की कापी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कापी जिस पर एकाउंट नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुआई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र के साथ 16 अगस्त 2023 के पूर्व अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, संबंधित बैंक, भारत सरकार की बीमा पोर्टल www.pmfby.gov.in ऐप तथा डॉक विभाग के माध्यम से फसल बीमा का लाभ उठा सकते है। फसल बीमा आपदा की स्थिति में फसल सुरक्षा का बेहतर विकल्प होता है।

करंट की चपेट में आने से 6 मवेशियों की मौत

अंडा (आरएनएस)। पाटन ब्लाक के ग्राम तुलसी मे सोमवार सुबह चारा चरने गए 6 मवेशियों की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई सभी मवेशी एक ही यादव परिवार के हैं। मवेशी पालन करने का काम करते है। पशु मालिकों ने बिजली विभाग की लापरवाही के चलते मवेशियों की मौत हो गई।उन्होंने बताया कि 3 अगस्त गुरुवार की शाम तेज आंधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली के तार टूट गए थे बिजली के तार जमीन पर गिर हुए थे। ग्रामीणों के द्वारा बिजली विभाग को सूचना दी गई थी। 4 अगस्त शुक्रवार की सुबह बिजली विभाग द्वारा किसी लाइनमैन के माध्यम से ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद करने की सूचना बिजली विभाग के बिजली विभाग के कर्मचारियों पर उठ रहे सवालिया निशान, जमीन पर टूट कर गिरे हुए तारों में हो रहा था विद्युत प्रवाह कर्मचारी द्वारा ग्रामीणों को दी गई थी। वहीं सप्लाई बंद होने पर मवेशियों की करंट लगने से मौत कैसे हुई इसका कारण अज्ञात है । जो कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से स्पष्ट हो पायेगा। जगमोहन उसके भाई दीनू यादव को काफी नुकसान हुआ है। जगमोहन ने बताया कि एक भैंस ने बीती रात में आने से मौत हुई है। अपने पडिय़ा को जन्म दिया था आज सुबह उसकी मौत हो गई। पशुपालन करना ही उनका मुख्य कार्य है। इधर मवेशियों की मौत की सूचना मिलने पर पशु विभाग एवं पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। पशुओं के पोस्टमार्टम के बाद पशु मालिकों द्वारा दफनाने का कार्य किया गया। तुलसी गाँव में रहने वाले जगमोहन यादव पिता इंदरमन यादव निवासी तुलसी (20) साल) जिसके पास 25 मवेशियों हैं जिसकी तीन भैसों की मौत करंट की चपेट में आने से मौत हुई दूसरा दीनू यदु पिता अभयराम यदु तुलसी (21 साल) दोनों एक ही परिवार के हैं जिसके 2 भैसें 1गाय की मौत करंट की चपेट

मिली जानकारी के अनुसार 3 अगस्त की शाम तेज हवा बारिश होने से पेड़ तारों में जाकर गिर गए जिससे बिजली का तार जमीन पर टूट कर गिरा गया। उसके बाद लाइनमैन के द्वारा ट्रांसफार्मर से सप्लाई बंद किया गया लेकिन किसी भी जिम्मेदार ने जमीन में पड़े हुए तारों को ठीक नहीं किया 3. दिनों तक जमीन पर तार टूटे हुए पड़े रहे । 6 अगस्त की सुबह जब करंट लगने से मवेशियों की मौत हुई तब बिजली विभाग के द्वारा टूटे हुए तारो को काटने का कार्य किया गया । 3 दिनों तक तार खुले पड़े हुए थे। घटना होने के उपरांत बिजली विभाग हरकत में आयी उसके बाद टूटे हुए तारों को वहां से हटाकर पास में ही स्थित एक घर में रखा गया है। विद्युत सप्लाई बंद थी तो मवेशियों की मौत कैसे हुई। पेड़ गिरने से 3 दिनों पूर्व खुले में टूटे हुए तार फैले हुए थे। कुछ लोगो ने बताया कि लाइनमैन को सूचना देने के बाद ट्रांसफार्मर से सप्लाई को रोका गया था। उस समय पड़े हुए तारो में बिजली प्रवाहित नहीं हो रही थी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 5 अगस्त को बकरियां, गाय भी उसी जगहों में चारा चरने गए जहां पर तार जमीन में गिरा हुआ था लेकिन ठीक 6 अगस्त की सुबह जब जगमोहन एवं दीनू ने अपने मवेशियों को छोड़ा तब उसी जगह पर मवेशियों को गिरे हुए तार के ऊपर 6 मवेशियों की मृत पाया गया। वहीं जगमोहन ने थाना पाटन में भी शिकायत दर्ज करायी है।

तेज रफ्तार बस ने 17 मवेशियों को रौंदा, चालक मौके से फरार

महासमुंद (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार का कहर आए दिन देखने को मिलता है। ताजा मामला छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से सामने आई है। बता दें, यहां तेज रफ्तार बस ने 17 मवेशियों को रौंद दिया है। जिसके बाद बस चालक मौके से फरार हो गया है। हादसे के तुरंत बाद यहां हडक़ंप मच गया। भारी संख्या लोग यहां इक_ हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना तुमगांव थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि, महेंद्रा ट्रेवल्स की बस सरायपाली से रायपुर जा रही थी। बस खाली थी, रास्ते में 17 मवेशी बैठे हुए थे। उसी वक्त ये भीषण हादसा हुआ है। बस ने उन्हें रौंद डाला और बस चालक मौके पर से फरार हो गया। सूचना मिलने पर तुमगांव पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई।

एएसआई सहित 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड : पुलिस अभिरक्षा से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी फरार

❒ दोस्त के साथ मंदिर आई नाबालिग से गैंगरेप

बलरामपुर। नाबालिग से दुष्कर्म और पुलिस अभिरक्षा से फरार दो आरोपियों के मामले में एक एएसआई व तीन कॉस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है। एसपी लाल उमेद ने ये कार्रवाई की है। निलंबित पुलिसकर्मियों के नाम सहायक उप निरीक्षक रोपन राम पैकरा, आरक्षक समीर कुजूर, आरक्षक अजय तिर्की और आरक्षक पंकज सिदार शामिल है। दरअसल, चार अगस्त को रामानुजगंज थाना के पहाड़ी मंदिर में दर्शन करने के लिए नाबालिग अपने परिचित युवक के साथ पहुंची थी। मंदिर की सीढिय़ां चढऩे के दौरान तीन बदमाश वहां पहुंचे और दोनों का रास्ता रोकर पुलिस की धमकी देते हुए रूपयों की मांग की। आरापियों ने युवक के एटीएम से 20 हजार वसूल कर नाबालिग लडक़ी को अपने साथ मितगई रोड स्थित वन वाटिका के पास ले गए। यहां पर डरा धमका कर सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद पीडि़त बालिका और उसका साथी रामानुजगंज थाने पहुंचे। पुसिल ने मामले में 341, 376 डी, 384 व पॉक्सो एक्ट 6 के तहत अपराध दर्ज कर अमित कुमार केरकेट्टा, 26 वर्ष, मजबुल्लाह अंसारी 28 वर्ष, गुलाबचंद पुरी 28 वर्ष, शंकर सोनी 36 वर्ष, हसनेने अंसारी 22 वर्ष को गिरफतार किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान शंकर सोनी और हसनेन अंसारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

बरमकेला में 10 और 11 अगस्त को होगा प्लेसमेंट कैम्प

❒ बिलाईगढ़ में 14 व 16 अगस्त को और सारंगढ़ में 17 से 19 अगस्त तक होगा प्लेसमेंट कैम्प

सारंगढ़ बिलाईगढ़। जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से निशुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा।

जनपद पंचायत बरमकेला में 10 और 11 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया गया है। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वीए 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक ;बीए, बीएससी, बीकॉम, उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। जिले के बिलाईगढ़ में यह कैंप 14 और 16 अगस्त को होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त तक होगा। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

सीएम के घोषणाओं के कार्यों को शीघ्र पूरा करें: कलेक्टर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले के सभी अधिकारियों को सीएम के घोषणाओं के कार्यों को शीघ्र पूरा करने कहा।

बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के सभी सीएमओ को सड़क पर बैठने वाले मवेशियों के व्यवस्थापन, सड़क से हटाने के लिए कर्मचारी और कांजी हाउस की व्यवस्था करने के लिए कहा।

कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने पशुधन विकास के अधिकारियों को सड़कों पर आवारा पशुओं के जमावड़ा के कारण होने वाले गम्भीर हादसों, मवेशियों और व्यक्तियों की मृत्यु को रोकने जिले में आवारा पशुओं का चिन्हांकन कर उनकी टैगिंग और पशुओं के गले में रेडियमयुक्त पट्टियां को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। नेशनल हाईवे के अधिकारी को भी सड़क में बैठने वाले मवेशियों को हटाने के व्यवस्था को गंभीरता और प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन के एप्प में मतदाता फॉर्म 8 भरने की शपथ दिलाई गई। बैठक में जाति प्रमाण पत्र, वनाधिकार पत्र, गोबर और गौ मूत्र खरीदी, वर्मी खाद्य बिक्री, स्व सहायता समूह और गोठान समिति के भुगतान, सभी कार्यालयों में मतदाता जागरूकता शपथ का आयोजन और पीपीईएस सॉफ्टवेयर एंट्री के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, सयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर बी एक्का, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, डीईओ डेजी रानी जांगड़े, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव सहित जिले के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

मजदूर से बनी मालकिन : फ्लाई ऐश ईंट बनाकर महिलाएं हो रही आत्मनिर्भर

रायपुर (आरएनएस)। कभी दूसरे के खेतों और फैक्ट्री में मजदूरी करने वाली महिलाएं आज खुद मालकिन बन गई है। अब वे खुद के लिए काम कर रही है। महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के माध्यम से इन महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई राह मिली है। राज्य सरकार की इस नवाचारी पहल से उद्यमियों को बड़ा सहारा मिला है। गावों के गौठानों में अब तक 300 रीपा का निर्माण हो चुका है, जहां लोगों को आजीविका की गतिविधियों के लिए पर्याप्त साधन और सुविधाएं मिली है। ग्रामीण उद्यमियों के अपने पसंद का उद्यम संचालित करना आसान हो गया है।

महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम कांपा की खेतिहर और गरीब महिलाओं ने दुर्गा स्वयं सहायता समूह बनाया जिसमें 10 महिला सदस्य हैं। महिलाएं बिहान से जुडक़र आत्मविश्वासी बनी और अब रीपा से जुडक़र आत्मनिर्भर बन रही हैं। तकनीकी और मेहनत के कार्य को आमतौर पर महिलाओं के लिए दुरूह माना जाता है, लेकिन फ्लाई ऐश ईंट बनाने के इस काम को महिलाओं ने बखूबी करके दिखाया है। विगत 3 महीनों में ही इन्होंने करीब 67 हजार ईंट तैयार किए हैं, इनमें से 40 हजार ईंट पंचायत को विक्रय भी किया गया है। महिलाओं को इससे 1 लाख रूपए से अधिक की आमदनी हुई है। समूह की सचिव कल्याणी दुबे ने बताया कि महिलाएं वर्मी कंपोस्ट भी बना रही है और अब तक 1 लाख 30 हजार रूपए का खाद विक्रय कर चुकी है। उनका समूह सवा लाख रूपए का आंतरिक लेन-देन भी कर रहा है। कल्याणी बताती है कि प्रारंभिक प्रशिक्षण के बाद अब महिलाएं आसानी से ईंट बना पा रही हैं, महिलाओं को जिला प्रशासन द्वारा रीपा में आवश्यक मशीन व संसाधन उपलब्ध कराये गए हैं।

समूह की अध्यक्ष अहिल्या साहू ने बताया कि प्रति ईंट लगभग ढाई रुपए की दर से बेचते हैं। वहीं समूह से जुड़ी देवकी सोनी, दीपलता और उर्वशी दुबे ने कहा कि हमने सोचा नहीं था कि हम खुद मशीन का संचालन कर पाएंगे लेकिन अब ऐसा हो रहा है। महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता की चमक देखी जा सकती है। महिलाएं कहती है कि कभी हमारे दिन दूसरों के यहाँ मजदूरी में गुजर जाते थे, लेकिन आज हम खुद के लिए काम कर रही हैं और मालकिन जैसे महसूस करते हैं। यह रीपा से ही सम्भव हो सका।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी शकुन्ते एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU